हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 28 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 तीज संयम, आस्था व समर्पण का संदेश देती...



14 एनडीआरएफ ने स्कूल सुरक्षा के लिए किया फेमेक्स...





## खबर संक्षेप

### पर्यूषण महापर्व आज से प्रारंभ



**भाटापारा।** जैन समाज का सबसे बडा महापर्व पर्युषण महापर्व 28 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है जो लगातार 10 दिनों तक 6 सितंबर तक संपन्न होगा। श्री आदिनाथ मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक मोदी ने बतलाया की प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे नित्य क्रियाएं प्रारंभ, 7:00 भगवान का मंगल अभिषेक 7:15 को शांति धारा 7:30 को आरती एवं 7:45 को श्री जी की प्रतिमा बेदी में विराजमान, उसके पश्चात भजन संगीत के माध्यम से पूजा प्रारंभ होगी, सर्वप्रथम देव शास्त्र गुरु पूजा, पंचमेरू पूजा, भगवान आदिनाथ की पूजा, सरस्वती पूजा ,साथ में महा अर्ध संपन्न होगा। उसके पश्चात शाम श्री जी की मंगल आरती 8:30 बजे, शास्त्र प्रवचन 9:00 बजे संपन्न होगा, प्रतिदिन मां जिनवाणी वाचन अभिषेक मोदी एवं सुमन लता मोदी के द्वारा किया जाएगा।

### चौरेंगा संयंत्र से चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार



**सिमगा ।** प्रार्थी कुलेश्वर कुंभकार सुपरवाइजर रामा स्टील सौर ऊर्जा प्लांट ग्राम चौरेंगा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि गत 15 जुलाई की रात्रि 1 से 3 के मध्य संयंत्र से 1900 मीटर डीसी केबल वायर एवं अन्य लोहे का सामान को बाउंड्री वॉल के ऊपर से कूद कर प्लांट के अंदर से कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध दर्ज कर धारा 331(4),305(ए) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा जांच कार्रवाई के दौरान मुखबिर के माध्यम से संयंत्र में चोरी करने वाले 01 अपचारी बालक सहित 4 आरोपियों में लकेश्वर गेण्ड्रे उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम दूलदुला थाना सिमगा, मनोज गेण्ड्रे उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम दूलदुला थाना सिमगा, तुषार कुर्रे उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम दूलदुला थाना सिमगा, के संबंध में पता चला। आरोपियों से पूछताछ पर उनके द्वारा रामा स्टील सौर ऊर्जा संयंत्र ग्राम चौरेंगा में चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपियों से चोरी का 12 नग फ्लेंज एवं 1900 मीटर केबल वायर जप्त किया गया है। सभी आरोपियों को आज बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# शिव शक्ति की भक्ति में रमीं महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी बंगला

मुड़पार गांव में तीज का त्योहार पूरे उत्साह, भक्ति और पारंपरिक रंग में मनाया गया। शिव-पार्वती की पूजा के साथ-साथ गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारंपरिक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिससे त्योहार का उल्लास कई गुना बढ़ गया।

महिलाओं ने पारंपरिक वस्त्र पहनकर निर्जल व्रत रखा और मंदिर में शिव-पार्वती की विशेष पूजा की। पूजा के बाद महिलाओं ने लोकगीत गाए और समूह में झूला झूलते हुए उत्सव का आनंद लिया। गांव की गलियों और चौपालों को रंग-बिरंगी सजावट से सुसज्जित किया गया था। पूरे दिन गांव में मेले जैसा माहौल रहा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने त्योहार का आनंद लिया और एकता व भाईचारे की मिसाल पेश की । इस अवसर पर नवयुवक रामायण समिति अध्यक्ष नरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष कन्हैया, कोषाध्यक्ष ताराचंद साहू, सरपंच मुरली साहू, सुखनंदन यादव, अनिल, सुनीता एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित थे ।

## मटका खेल और पारंपरिक खेलों ने बढ़ाया उत्सव का रंग

### मटका खेल बना मुख्य आकर्षण

त्योहार की खास बात रही मटका खेल जिसमें महिलाओं और युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आँखों पर पट्टी बांधकर मटका फोड़ने की इस प्रतियोगिता में खूब हँसी-ठिठोली और रोमांच देखने को मिला। विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए।





### अन्य पारंपरिक खेलों ने भी जमाया रंग

मटका खेल के साथ-साथ रस्साकशी, कुर्सी दौड़, मेंढक दौड़ और बालकों के लिए लंगड़ी टांग जैसे खेलों का आयोजन भी किया गया। ग्रामीणों ने सामूहिक भागीदारी दिखाकर खेलों को और भी आनंददायक बना दिया। नरेश साहू और आयोजक मंडल ने बताया कि तीज केवल पूजा-पाठ का नहीं, बल्कि हमारी परंपराओं, मेल-जोल और सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखने का पर्व है। मटका खेल और अन्य आयोजन लोगों के लिए विशेष आकर्षण बने ।

## आयोजन : पारंपरिक नृत्य, रैली और सम्मान समारोह ने बढ़ाया उत्साह

# विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में बलौदाबाजार में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- बूढ़ादेव की पूजा से हुई शुरुआत, "जल-जंगल-जमीन" के नारों से गूंज उठा शहर

सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई के तत्वावधान में इस वर्ष भी विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन धूमधाम और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ किया गया। यह आयोजन लगातार पांचवें वर्ष सम्पन्न हुआ, जिसमें जिले के साथ-साथ अन्य जिलों से भी हजारों समाजजन पहुंचे।

कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत तरीके से बड़ादेव/बूढ़ादेव की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद ऑडिटोरियम से निकलकर रैली ने अम्बेडकर चौक, गार्डन चौक और बस स्टैंड से होते हुए पुनः ऑडिटोरियम परिसर में समापन लिया। रैली में आदिवासी समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया और सुवा नृत्य, कर्मा नृत्य व अखरा दलों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। "जल-जंगल-जमीन बचाओ" और "संवैधानिक आरक्षण बचाओ" जैसे नारों ने पूरे शहर का माहौल जीवंत कर दिया। आयोजन में बलौदाबाजार, सिमगा, पलारी, कसडोल और भाटापारा ब्लॉकों सहित 754 ग्रामों से समाजजन जुटे। लगभग 12 हजार की भीड़ शांतिपूर्ण ढंग से आदिवासी अस्मिता और एकता का संदेश देती रही।





### नेताओं ने आदिवासी संस्कृति को बताया गौरवशाली

कार्यक्रम में राजस्व एवं आपदा मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंत्री वर्मा ने आदिवासी समाज की सांस्कृतिक धरोहर और जल-जंगल-जमीन पर अधिकार को बचाने की जरूरत पर बल दिया। वहीं अग्रवाल ने आदिवासी जीवनशैली को भारतीय सभ्यता की जड़ बताते हुए उसे मानवता के लिए प्रेरणादायक करार दिया। मंच पर प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारी, समाज प्रमुख और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का मिला संदेश

कार्यक्रम के दौरान 10वीं और 12वीं में 85% से अधिक अंक लाने वाले 17 विद्यार्थियों के साथ-साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं और वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। साथ ही दूर-दराज से आए लोगों को पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। आयोजन में महिला प्रभाग, युवा प्रभाग, अधिकारी-कर्मचारी एवं महासभाओं के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का संचालन कमलेश ध्रुव ने और आभार प्रदर्शन भानु ध्रुव ने किया। आयोजन स्थल पर प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही।

# घायल युवक को हायर सेंटर भेजने के नाम पर लोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- परिजनों ने लगाया आरोप - पीड़ित को एंबुलेंस वाले ने गुमराह कर ले गया प्राइवेट अस्पताल
- प्राइवेट अस्पताल में पीड़ित से वसूली गई इलाज के नाम पर मोटी रकम



पलारी विकासखंड के ग्राम सीतापार निवासी राजा ध्रुव एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया जिससे उसका हाथ टूट गया था साथ ही सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं।

परिजनों का आरोप है की घायल मरीज को जब इलाज के लिए जि ला अस्पताल ले जाया गया तो मौके पर उपस्थित शासकीय डॉक्टर ने हायर सेंटर के लिए रिफर किया। जिसे एंबुलेंस वाले ने गुमराह कर उसके प्राइवेट अस्पताल में ले गया जहां डॉक्टर द्वारा प्राइवेट अस्पताल में इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूली साथ ही साथ स्मार्ट कार्ड से अलग वसूला। जबकि मामले में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन अशोक वर्मा का कहना है कि हमने तो हायर सेंटर रिफर किया था।

### जिला अस्पताल का जवाब

*जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अशोक वर्मा ने कहा- 24 तारीख को राजा ध्रुव को जिला अस्पताल लाया गया। हाथ में चोट थी, प्राइमरी ट्रीटमेंट के बाद हमने हायर सेंटर रिफर किया। वही मीडिया ने जब सवाल किया कि परिजनों का आरोप है कि जिला अस्पताल के शासकीय डॉक्टर का निजी अस्पताल से जुड़ाव है, और वहीं ले जाया गया तो जवाब में डॉ. वर्मा ने कहाः ये जानकारी नहीं है। मैं पता करवा कर बताऊंगा।*

# आठ महीने से हैंड पंप बंद, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत मलपुरी के आश्रित ग्राम भरुवाडीह वार्ड क्रमांक 10 में लगभग 8 महीने से हैंड पंप खराब के चलते ग्रामीण परेशान पानी के लिए महिला को दूर से पानी लाना पड़ रहा है इस संदर्भ में संबंधित विभाग को कई मर्तबे बोला गया है परंतु अभी तक कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीण रविशंकर साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत के सरपंच खिलेश्वर घृतलहरे के द्वारा भी पानी के समस्याओं को देखते हुए उनके द्वारा भी हैंडपंप नहीं सुधरवाया गया है। महिलाऐं को पानी भरने के लिए में रोड को पार कर जाना पड़ता है जिसमें रेगुलर बड़ी-बड़ी गाड़ी गुजरता रहता है जिसके चलते कोई अनहोनी ना हो का डर भय बना रहता है। यदि हैंडपंप नहीं सुधर गया तो जिला कलेक्टर महोदय से इस संदर्भ में शिकायत करने की बात कही ।



# कृषकों को स्प्रिंकलर और कल्टीवेटर का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र हिरमी और शासकीय कृषि विभाग बलौदाबाजार के संयुक्त प्रयास से मंगलवार को स्थानीय कृषकों के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें किसानों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और सबमिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाइजेशन योजना के तहत आवश्यक कृषि उपकरण वितरित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान कुल 25 कृषकों को स्प्रिंकलर सेट और 5 जरूरतमंद किसानों को कल्टीवेटर प्रदान किए गए। यह वितरण अल्ट्राटेक की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी योजना के तहत हुआ, जिससे क्षेत्रीय कृषकों को आधुनिक कृषि पद्धति अपनाने में सहायता मिलेगी।

डॉ. मोहनलाल वर्मा, जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति ने कहा कि यह अनुकरणीय उदाहरण है कि किस प्रकार निजी संस्थान और सरकारी विभाग मिलकर किसानों की उन्नति में भागीदार बन सकते हैं। ग्राम पंचायत कुठरोड के सरपंच तरण दास आनंद, ग्राम हिरमी की सरपंच पुनउ भारती, जनपद सदस्य प्रतिनिधि हेमंत यादव, और ग्राम परसवानी के सरपंच प्रेमलाल ध्रुव ने भी अपने उद्बोधन में इस पहल की सराहना की। संयंत्र की ओर से प्रशासनिक प्रमुख रणजीत सिंह नैनवाल, ग्रामीण विकास विभाग से वैभव त्रिपाठी और आशुतोष खरे कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### प्रशस्ति पत्र से हुआ अल्ट्राटेक का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग द्वारा अल्ट्राटेक हिरमी संयंत्र को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संयंत्र प्रमुख सुभाष चंद्र बसेर ने कहा कि अल्ट्राटेक हमेशा से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करता रहा है। किसानों के लिए यह पहल एक सकारात्मक कदम है और भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सविता वर्मा, प्रीतम पटेल, तारणी राजपूत, उमाशंकर धीवर, रामा साहू, हेमलाल साहू, और मनोज वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी ने आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय भागीदारी निभाई।

### कम पानी में अधिक उत्पादन का माध्यम बना स्प्रिंकलर सेट

इस कार्यक्रम में कृषि विभाग बलौदाबाजार से सूचिन वर्मा ने किसानों को स्प्रिंकलर सेट के उपयोग और लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब कम पानी में भी अधिक क्षेत्र की सिंचाई संभव होगी, जिससे फसल की उत्पादकता बढ़ेगी और किसान मौसम के प्रभाव से होने वाले नुकसान से भी बच सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह उपकरण विशेष रूप से सूखा प्रभावित क्षेत्रों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं।

### कल्टीवेटर से खेती में आएगा सुधार श्रम और समय दोनों की होगी बचत

कार्यक्रम में पांच जरूरतमंद किसानों को कल्टीवेटर मशीन भी प्रदान की गई। ये मशीनें खेती के काम को आसान और तेज बनाएंगी। इससे श्रम और समय की बचत होगी और भूमि की तैयारी अधिक प्रभावी ढंग से की जा सकेगी। किसानों ने बताया कि ऐसे संसाधन उन्हें पहले महंगे लगते थे, लेकिन अब योजनाओं के माध्यम से इन्हें प्राप्त करना सरल हुआ है।

## गणेश चतुर्थी को लेकर सुरक्षा निर्देश, अपराध नियंत्रण और विजिबल पुलिसिंग पर जोर

# आईजी ने बलौदाबाजार में ली पुलिस अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- नवीन विवेचक कक्ष का किया लोकार्पण, अवैध शराब बिक्री पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अमरेश मिश्रा (भा.पु.से) ने 27 अगस्त को अपने एक दिवसीय दौरे में बलौदाबाजार पहुंचकर जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक का आयोजन जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया, जहां कुल 30 अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा जिले से संबंधित गतिविधियों की पीपीटी प्रस्तुति दी गई, जिसके बाद आईजी ने आगामी गणेश चतुर्थी पर्व की सुरक्षा तैयारियों और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ⏩ शेष पेज 13 पर



### अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई और नई सुविधा का लोकार्पण

आईजी मिश्रा ने बलौदाबाजार जिले के विभिन्न गांवों में अवैध शराब बिक्री की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ऐसे स्पॉट चिन्हित कर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। अपने दौरे के दौरान उन्होंने थाना सिटी कोतवाली परिसर में बने नवीन विवेचक कक्ष का लोकार्पण भी किया। यह आधुनिक और सभी सुविधाओं से युक्त कक्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत हुआ था और अब पूर्ण निर्माण के बाद उपयोग हेतु खोला गया है।

### सार्वजनिक हिंसा की घटनाओं पर त्वरित न्यायसंगत कार्रवाई करें: मिश्रा

आईजी ने पुलिस बल को अनुशासन में रहकर कार्य करने की हिदायत दी। साथ ही यातायात नियमों के पालन में लापरवाही न करने और अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की बात दोहराई। उन्होंने यह भी कहा कि हर थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र की स्थिति के अनुसार निर्णय लेना चाहिए, जिससे छोटी घटनाओं को समय रहते नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को एकजुट होकर काम करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि जब सभी लोग मिलकर एक टीम के रूप में कार्य करेंगे, तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होगी। उन्होंने आंतरिक समन्वय और सहयोग को मजबूत करने पर विशेष बल दिया। आईजी मिश्रा ने बलौदाबाजार पुलिस द्वारा बदमाशों और जिलाबदर आरोपियों पर की गई कार्रवाई की सराहना की और अपेक्षा जताई कि कानून-व्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए हर स्तर पर मुस्तैदी बरती जाएगी।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप



### परिवहन मंत्री से मिले बस ओनर फेडरेशन के सदस्य

रायपुर। नवनियुक्त परिवहन मंत्री केदार कश्यप से मंगलवार को बस ओनर फेडरेशन ऑफ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस सौजन्य मुलाकात के दौरान मंत्री से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रतिनिधियों में संरक्षक बस एसोसिएशन एवं अध्यक्ष नागरिक अपूर्ति निगम संजय श्रीवास्तव, भावेश दुबे, नवशरण गरचा, जसविंदर साहनी, नवप्रीत गरचा, अजय गिल, अभिनीत शुक्ला एवं शैलेन्द्र भदौरिया शामिल थे।

### जग्गी के निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर कैट ने किया सम्मान



रायपुर। कैट के राजधानी स्थित प्रदेश कार्यालय में कैट के छत्तीसगढ़ चैप्टर की ओर से मंगलवार को गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मिल एंड मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के चौथी बार निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर राजेन्द्र जग्गी का कैट परिवार ने स्वागत करते हुए सम्मान किया। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी ने इस मौके पर कहा कि श्री जग्गी का मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन का चौथी बार निर्विरोध अध्यक्ष बनना उनकी सत्यनिष्ठा, निष्पक्ष नेतृत्व क्षमता और व्यापारी समाज के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण है।

### यूरिया खाद की कमी से किसान हो रहे परेशान



रायपुर। पहले डीपीए और अब यूरिया खाद की कमी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मंगलवार को कलेक्टर और जिला सहकारी बैंक रायपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी से बात कर तत्काल यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि किसानों एवं विभिन्न समितियों से संपर्क करने पर किसानों द्वारा बताया गया कि यूरिया खाद नहीं मिल रही है। विभिन्न समितियों में भी खाद नहीं होने की जानकारी मिली है, जैसे मलौद, मढ़ी, बरतोरी, खौना, मोहदी, दोदे, सड्डू, गुमा सहित अनेक समितियों में यूरिया के लिए किसान भटकने मजबूर हैं। उधोराम वर्मा रायपुर जिले के तिल्दा ब्लॉक के मढ़ी सेवा सहकारी समिति की आमसभा में शामिल हुए। इस दौरान सभी किसानों की केवल एक ही मांग रही, यूरिया खाद उपलब्ध कराएं। शाखा प्रबंधक का कहना है, परिवहनकर्ता, एजेंसी लगातार ट्रक लगाने की मांग करने के बाद भी यूरिया का परिवहन नहीं कर रहे हैं। 15 दिनों से लगातार मांग के बावजूद समितियों में खाद उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। हालत बद से बदतर स्थिति में है। डबल लॉक में यूरिया उपलब्ध होने के बाद भी खाद उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।

### स्वास्थ्य शिविर में कराई जांच, रक्तदान भी

रायपुर। ग्राम गुमा, तेंदुआ, ब्लॉक धरसींवा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर बिहान हॉस्पिटल, ममता आई हॉस्पिटल और जयदीप ब्लड एंड कंपोनेंट सेंटर की पूरी टीम सहयोग के साथ दिव्यांश फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा लगाया गया। इसी दौरान रक्तदाताओं को रक्तदान के बाद विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से रक्तदान सहित बीएमआई, शुगर, बीपी, थायराइड एवं अन्य सामान्य जनरल चेकअप के साथ-साथ आंखों का चेकअप किया गया। जिसमें आंखों में पानी आना, आंखों और सिरदर्द बना रहना, मोतियाबिंद, आंखों का लाल रहना, दूर और पास का कम दिखाई देना व कांचबिंद का चेकअप किया गया। साथ ही निशुल्क चश्मों का वितरण और सामान्य दवाइयां उपलब्ध कराई गई।

# शहर में 150 से ज्यादा गणेश पंडाल लगकर तैयार, निगम और प्रशासन के बीच परमिशन का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 10 जोन में 100 समितियों ने सड़क पर पंडाल लगाने किया आवेदन, 50 ने सूचना तक नहीं दी
- नगर निगम जिला प्रशासन को गणेश समितियों का आवेदन करेगा अग्रेषित
- पंडाल तनकर तैयार, अनुमति का अता-पता नहीं



शहरभर में 150 से ज्यादा गणेश पंडाल अलग-अलग इलाकों की सड़कों पर तनकर तैयार हैं, इनमें से 100 आयोजकों ने गणेश पंडाल लगाने नगर निगम के दस जोन में सूचना के लिए आवेदन लगाया, लेकिन 50 आयोजक ऐसे भी हैं, जिन्होंने अब तक न संबंधित जोन को सूचना देना जरूरी समझा, न इसकी अनुमति मांगी।

वहीं शहर के विभिन्न इलाकों में सड़क घेरकर पंडाल लगाने की अनुमति का खेल नगर निगम और जिला प्रशासन के बीच चल रहा है, जबकि बुधवार से शहरभर के 150 से अधिक गणेश पंडालों में गणपति बप्पा जयकारों के साथ धूमधाम से विराजित होंगे। गणेशोत्सव की तैयारी को लेकर हाल ही में जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों के साथ शहर के गणेशोत्सव समितियों के प्रमुखों की बैठक हुई। इसमें यह तय हुआ सड़क घेरकर पंडाल नहीं लगाया जाएगा, ताकि गणेशोत्सव के दौरान लोगों को आवागमन में किसी तरह की असुविधा न हो। इसके लिए समितियों को संबंधित जोन में आवेदन देकर इसकी सूचना देने कहा गया, जबकि पंडाल लगाने की अनुमति जिला प्रशासन के माध्यम से देने की बात तय हुई, पर हैरानी की बात ये है कि शहर के प्रमुख मार्गों से लेकर रहवासी इलाकों में 150 से ज्यादा गणेश पंडाल तैयार हो गए हैं। इनमें से कुछ जगह का पंडाल सड़क को घेरकर बनाया गया है। इनकी अनुमति भी विधिवत रूप ने नहीं ली गई। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम के दस जोन में 100 आवेदन गणेश पंडाल लगाने को लेकर विभिन्न समितियों से प्राप्त हुए हैं। जोन के अधिकारियों का कहना है कि पंडाल लगाने की अनुमति देने का काम जिला प्रशासन का है, इसलिए जोन स्तर पर प्राप्त आवेदन को जिला कलेक्टर के पास अनुमति के लिए भेज रहे हैं, जबकि 50 पंडाल के लिए आयोजन समिति ने इसके लिए जोन में आवेदन नहीं दिया है। ऐसे में बुधवार से शुरू हो रहा गणेशोत्सव में पंडाल की अनुमति कब और किसने दी, यह सवाल समझ से परे है।

### आरती के वक्त कोटा- गुढ़ियारी मार्ग पर लगेगा जाम, लाखे नगर और पुरानी बस्ती में भी सड़कों पर पंडाल से जगह हुई संकरी

# पंडालों से संकरी हुई शहर की सड़कें, डीजे के कारण गलियों तक लगा जाम, घंटों फंसे रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी में विघ्नहर्ता गणेश के स्वागत के दौरान डीजे और अव्यवस्थित पंडालों के कारण मंगलवार शाम शहर की सड़कों पर लंबा जाम लग गया। शाम 7 बजे के बाद चारों दिशाओं से प्रतिमाओं का पंडालों तक पहुंचने का क्रम शुरू हुआ, इसी बीच ऑफिस से घर लौटने वाले लोगों की भीड़ बढ़ गई। लाखे नगर, पुरानी बस्ती, गुढ़ियारी-कोटा मार्ग, शंकर नगर, सदर बाजार, आमापारा और राजेंद्र नगर समेत कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की कतारें लग गईं। स्थिति यह रही कि 100 मीटर दूरी तय करने में लोगों को 30 मिनट से ज्यादा का समय लग गया। मुख्य मार्गों के साथ छोटी गलियों में भी जाम की स्थिति बनी रही। लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा और यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।

हरिभूमि ने मंगलवार शाम राजधानी की उन सड़कों की पड़ताल की, जहां चारों दिशाओं में सड़कें होने के बावजूद घंटों तक जाम लगा रहा। लाखे नगर चौक में शाम 6 बजे से ही जाम लगना शुरू हो गया था। जैसे ही 7 बजे के बाद वाहनों की संख्या बढ़ी, डीजे और जुलूस की वजह से गाड़ियां एक के बाद एक रुकती चली गईं। हालात यह हो गए कि लोग छोटी गलियों से निकलने की कोशिश करने लगे, लेकिन वहां भी दोपहिया वाहनों को निकलने तक की जगह नहीं बची थी। पुरानी बस्ती से कुशालपुर जाने वाले मार्ग, टूरी हटरी, आमापारा मार्ग, कुशालपुर और सदर बाजार की गलियां पूरी तरह जाम से जूझती रहीं। पुरानी बस्ती से लाखे नगर मार्ग में बने 7 पंडालों ने सड़कें और भी संकरी कर दीं। सामान्य दिनों में भी यहां शाम को जाम की स्थिति बनती है, लेकिन मंगलवार को डीजे और भीड़ के कारण लोगों को घंटों अपनी गाड़ियों में फंसा रहना पड़ा।





#### रामसागर पारा में जाम, स्टेशन रोड तक अटके लोग

मंगलवार शाम रामसागर पारा क्षेत्र में भारी जाम देखने को मिला। जैसे ही डीजे के साथ पंडालों की ओर श्रद्धालुओं का जुलूस बढ़ा, वैसे ही समता कॉलोनी, चौबे कॉलोनी, अग्रसेन चौक और स्टेशन से रामसागर पारा आने-जाने वाले लोग जाम में फंस गए। बारिश थमने के बाद प्रतिमाओं के साथ डीजे जुलूसों का क्रम शुरू हुआ और रात 7:30 बजे के बाद इसका असर स्टेशन रोड तक दिखा। राठौर चौक और तेलघानी नाका मार्ग पर भी गाड़ियों की रफ्तार काफी धीमी हो गई। भीड़ से बचने के लिए बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन गलियों से निकलने लगे, लेकिन वहां भी जाम की स्थिति बनी रही। लोगों को कुछ ही दूरी तय करने में लंबा वक्त लग गया।

#### कोटा-गुढ़ियारी मार्ग पर आरती के समय लगेगा घंटों जाम

गुढ़ियारी से कोटा मार्ग पर बने तीन प्रमुख पंडाल शाम के समय सड़क का बड़ा हिस्सा घेरे रहते हैं। इस मार्ग से शाम को हर घंटे हजारों वाहन गुजरते हैं, ऐसे में आरती के समय यहां रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। जगह सीमित होने के कारण श्रद्धालु सड़क पर खड़े होकर ही आरती में शामिल होंगे, जिसका असर पहाड़ी चौक पर भी पड़ेगा। इसी तरह पड़ाव से मुरा भट्ठी मार्ग में भी सड़क पर पंडाल बनाया गया है, जहां प्रतिदिन आरती के समय वाहनों की भीड़ के बीच जाम की स्थिति बनेगी।

#### पड़ाव और अंडरब्रिज में घंटों फंसेंगे लोग

गुढ़ियारी के पड़ाव क्षेत्र में इस बार भव्य झांकी बनाई गई है, लेकिन रेलवे अंडरब्रिज से पड़ाव की ओर आते वक्त सड़कों पर चार से अधिक स्वागत द्वार बनाए गए हैं। इसकी वजह से मंगलवार से ही यहां जाम की स्थिति बनी रही। अंडरब्रिज क्षेत्र में वैसे भी रोजाना जाम लगता है, ऊपर से अव्यवस्थित स्वागत द्वारों ने सड़क को और संकरा कर दिया है। नतीजतन आने-जाने वाले लोगों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ी। लगातार भीड़ और संकरी होती सड़कों के कारण यहां यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है।

# 9 बड़े बकायादारों के व्यावसायिक परिसर सील

- सालों से नगर निगम को संपत्ति कर का नहीं किया भुगतान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के जोन 8 राजस्व विभाग ने मंगलवार को वीर सावरकर नगर वार्ड में अंतिम नोटिस के बाद भी संपत्ति कर जमा नहीं करने वाले 9 बड़े बकायादारों के व्यावसायिक परिसर को सीलबंद करने की कार्रवाई की। बकायादार एक अरसे से नगर निगम को संपत्ति कर का भुगतान नहीं कर रहे थे। इसे देखते हुए सभी 9 व्यावसायिक परिसर में ताला लगाकर सील किया गया।

नगर निगम जोन 8 अमले ने वीर सावरकर नगर वार्ड में बड़े बकायादारों पर शिकंजा कसते हुए मंगलवार को 9 व्यावसायिक परिसर को सीलबंद करने की कार्रवाई की। इनमें 5,07306 लाख रुपये के बकायादार प्रीतम सिंह, 2,16428 रुपये के बकायादार अशोक कुमार, विजय कुमार, विनोद कुमार, 1,36,971 रुपये के बकायादार कुलदीप सिंग, तेजेंदर सिंग, 4,33,396 रुपये बकायादार हरवंश सिंग, महेंद्र सिंग, सुरजीत कौर शामिल हैं। इसी तरह वार्ड 2 अंतर्गत 87,281 रुपये के बकायादार सतगुरु फर्नीचर, 11,233 रुपाये के बकायादार फैक्ट्री, 43,001 के बकायादार संतोष शर्मा, 34,563 रुपये के बकायादार विनोद सिंह, 1,41069 रुपये के बकायादार राजू साहू सुपरबाजार द्वारा अंतिम नोटिस के बाद भी बकाया संपत्ति कर जमा नहीं करने पर इन सभी 9 व्यासायिक परिसरों में ताला लगाकर सील किया गया।

नगर निगम जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, कार्यपालन अभियंता पदमाकर श्रीवास के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल के नेतृत्व और राजस्व निरीक्षक राजेश मिश्रा, सहायक राजस्व निरीक्षक नंद कुमार वैष्णव, नरेंद्र ठाकुर, चंदन रगड़े, खगेश्वर सोनी ने की।



# बड़े बकायादारों की संपत्ति होगी कुर्क, 31 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत डिमांड बिल वितरण का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम अब बड़े बकायादारों से संपत्ति कर वसूली में तेजी लाएगा। इसके लिए दस जोन कार्यालय से बकायादारों को प्रतिदिन 100 डिमांड बिल का वितरण किया जाएगा। 31 अक्टूबर तक नगर निगम के सभी 70 वार्डों में शत-प्रतिशत डिमांड बिल वितरण का कार्य पूरा करने का टारगेट दिया गया है। संपत्ति कर भुगतान में कोताही बरतने वाले बड़े बकायादारों की संपत्ति कुर्क करने की हिदायत राजस्व विभाग के अधिकारियों को दी गई है। महात्मा गांधी सदन में अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल की अध्यक्षता और उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा की उपस्थिति में राजस्व विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम ने संपत्ति कर वसूली में तेजी लाने के लिए एक्शन प्लान तैयार किया है। श्री अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि बड़े बकायादारों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई तुरंत शुरू की जाए। वहीं हर सप्ताह राजस्व वसूली की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि सभी जोन कार्यालय रेसीडेंस वेलफेयर एसोसियेशन के साथ बैठक करें साथ ही सोसाइटी को संपत्ति कर जमा करने के संबंध आवश्यक जानकारी दें। यही नहीं, संपत्तिकर समय पर भुगतान करने की स्थिति में उसमें मिलने वाली छूट की जानकारी सार्वजनिक रूप से मुनादी और अन्य माध्यमों से लोगों तक पहुंचाएं।

# प्रतिबंधित नशीली सीरप बेचने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर में घूम-घूमकर प्रतिबंधित नशीली सीरप बेचने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन तीनों के कब्जे से ट्रेस्कोरेक्स नाम की कफ सीरप की 100 शीशी बरामद की गई है, जिसकी कुल कीमत 25 हजार रुपए है। पुलिस को आशंका है कि इस अवैध कारोबार में और कई लोग संलिप्त हैं, जिनकी पतासाजी की जा रही है। कबीर नगर थाना प्रभारी ने बताया कि 25 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक सोनडोंगरी तालाब के पास बोरी एवं बैग में प्रतिबंधित नशीली सीरप रखे हुए हैं, जिसे बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को पकड़कर उनके पास रखी बोरी एवं बैग की तलाशी ली, तो उसमें से ट्रेस्कोरेक्स ब्रांड की कफ सीरप मिली। इस सीरप पर प्रतिबंध लगा हुआ है। पूछताछ में पकड़े गए युवकों ने अपना नाम राहुल बंजारे निवासी सतनामी बस्ती, नंदन मिश्रा निवासी अवधपारा सोनडोंगरी के रूप में बताया। राहुल मूलतः ग्राम मजगांव जिला रीवा मध्यप्रदेश का रहने वाला है। इन दोनों से पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिलने पर इनके तीसरे साथी सुरेंद्र सिंह 40 वर्ष निवासी सेक्टर 4 उदया सोसाइटी आमानाका को गिरफ्तार किया। सुरेंद्र मूलतः ग्राम बनगोठरी थाना पिलानी जिला झुनझुन राजस्थान का निवासी है। वह राहुल और नंदन के साथ मिलकर प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बेचने का काम करता है। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध धारा 21(सी) एवं 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

# एमबीबीएस-बीडीएस की शेष 414 सीटों के लिए दूसरे दौर का पंजीयन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रवेश आठ सितंबर से, एमबीबीएस की 186 सीटें बाकी
- बीडीएस की 398 सीटों पर होगा एडमिशन, 284 भरी



एमबीबीएस-बीडीएस की शेष 414 सीटों पर एडमिशन के लिए दूसरे दौर का पंजीयन 27 अगस्त से प्रारंभ होगा। विभिन्न प्रक्रिया पूरी होने के बाद 8 से 13 सितंबर के बीच प्रवेश दिया जाएगा। पहले राउंड की काउंसिलिंग में एमबीबीसी की 1396 और बीडीएस की 284 सीटों पर प्रवेश पूरा हो चुका है। सरकारी कालेजों की 80 फीसदी सीटें भर चुकी हैं।

प्रदेश में मेडिकल और डेंटल कालेजों की यूजी सीटों पर एडमिशन के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके तहत पहले राउंड का एडमिशन पूरा हो चुका है। चिकित्सा शिक्षा विभाग को एमबीबीएस की करीब 90 फीसदी सीटों पर प्रवेश दिलाने में सफलता मिल चुकी है। पहले राउंड में बीडीएस की सीटों पर उन्होंने ही एडमिशन लिया है, जिन्होंने शुरुआत से ही दंत चिकित्सा में अपना भविष्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बुधवार से दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के लिए ऑनलाइन पंजीयन की शुरुआत होगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने पहली बार अभ्यर्थियों को हर राउंड में पंजीयन कराने की सुविधा प्रदान की है, जिससे किसी खामियों की वजह से पहले राउंड में चूकने वाले विद्यार्थी दूसरे दौर की काउंसिलिंग में शामिल हो सकते हैं। जानकारी के अनुसार राज्य, प्रबंधन और एनआरआई कोटा मिलाकर प्रदेश के 15 चिकित्सा महाविद्यालयों में करीब 1720 सीटें हैं। ऑल इंडिया और सेंट्रल पुल की 260 सीटों पर प्रवेश दिल्ली से पूरा होता है। इसमें सेंट्रल पुल कोटा से नार्थ-ईस्ट अथवा आतंकी हमलों में मारे गए लोगों को प्रवेश दिया जाता है।

#### नर्सिंग की सुगबुगाहट नहीं

इधर नर्सिंग कालेजों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए फिलहाल कोई सुगबुगाहट शुरू नहीं है। आईएनसी द्वारा इन कालेजों में प्रवेश के लिए 30 सितंबर अंतिम तारीख तय की गई है। राज्य में 125 नर्सिंग कालेजों में बीएससी की सर्वाधिक 7 हजार सीट है। इसके अलावा एमएससी, पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में भी एडमिशन दिया जाना है। बीएससी प्रवेश के लिए परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है, मगर आयुष विवि और नर्सिंग काउंसिल से संबद्धता और अनुमति की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हुई है।

# जमकर गरजे बादल, आधे घंटे झमाझम बारिश से बदला मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दक्षिण के बाद मध्य होते हुए उत्तर तक बारिश के आसार



मंगलवार शाम बादल जमकर गरजे और आधे घंटे तक शहर में हुई झमाझम बारिश ने मौसम को बदल लिया। ओडिशा से लगे बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दाब के असर से अगले तीन दिन प्रदेश में बारिश की गतिविधि बनी रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में बस्तर के कई इलाके पानी से तरबतर हो गए। सिस्टम का प्रभाव अगले तीन दिन तक दक्षिण से मध्य होते हुए उत्तर तक असर दिखाएगा। अगले चौबीस घंटे में प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी में शाम तक धूप-छांव की स्थिति बनती रही। इसके बाद साढ़े छह बजे के बीच गणपति प्रतिमा लाने बजाए जा रहे ढोल-बाजों के बीच बादल जमकर गरजे और फिर बारिश का दौर शुरू हुआ, जो आधे घंटे तक अपना जोरदार असर दिखाता रहा। मौसम विज्ञान केंद्र लालपुर में इस अवधि में 24.6 मिमी. बारिश दर्ज की गई, जबकि शहर में इसका प्रभाव उससे काफी अधिक रहा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में ओडिशा तट से लगकर बने कम दवाब के प्रभाव से अगले तीन दिन तक प्रदेश में बारिश की गतिविधि बने रहने के आसार हैं। बुधवार को इसका प्रभाव प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में रहने से गुरुवार को मध्य इलाके में और शुक्रवार को उत्तरी हिस्से में बारिश की गतिविधि अधिक रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में बस्तर के कई इलाकों में भारी से अतिभारी बारिश दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के आंकड़ों के अनुसार बारसूर में 190 मिमी., बास्तानार में 160, गीदम में 140, दरभा में 120, बड़े बचेली में 110, लोहांडीगुड़ा एवं पाली में 100 मिमी. बारिश हुई है। इसके अलावा नानगुर में 90, पेंड्रा में 70, तोकपाल, छिंदगढ़, गंगालूर, कटेकल्याण, बीजापुर में 60, भानपुरी, मुकडेगा, सोनहत, जगदलपुर में 50 मिमी. तक बारिश हुई है।

#### प्रदेश में 852 मिमी. वर्षा

इस सीजन में प्रदेश में अब तक 852 मिमी. बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से केवल 3 फीसदी कम है। जिलों में सरगुजा में 675 मिमी. के साथ औसत बारिश से 25 फीसदी, महासमुंद 629 मिमी. के साथ 21 प्रतिशत, बेमेतरा 408 मिमी. के साथ 49 प्रतिशत कमी का संकट झेल रहा है। राज्य में एकमात्र जिला बलरामपुर में 71 प्रतिशत की अत्याधिक, बस्तर, मोहला-मानपुर और जांजगीर जिले में अधिक तथा अन्य जिलों में सामान्य वर्षा हुई है।

# प्रधानमंत्री मोदी की आगामी जापान यात्रा से और मजबूत होंगे भारत-जापान संबंध : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने जापान प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगामी यात्रा और ओसाका में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो 2025 में छत्तीसगढ़ की सहभागिता पर कहा कि "हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत जल्द जापान आ रहे हैं। भारत और जापान की मित्रता ऐतिहासिक और गहरी है। उनके इस दौरे से यह संबंध और भी मजबूत होंगे और हमारे देश को अनेक लाभ प्राप्त होंगे।"

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की यात्रा भारत और जापान के बीच तकनीकी, औद्योगिक और सांस्कृतिक सहयोग को और प्रगाढ़ बनाएगी। इससे दोनों देशों की जनता को लाभ होगा और साझा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। ओसाका में वर्ल्ड एक्सपो 2025 के संदर्भ में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि "कल हमने छत्तीसगढ़ को समर्पित सप्ताह का शुभारंभ किया है। यह वर्ल्ड एक्सपो भारत की संस्कृति को विश्व के सामने प्रस्तुत करने का एक बड़ा प्रयास है। छत्तीसगढ़ का सप्ताह न केवल प्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए लाभकारी रहेगा।" उन्होंने कहा कि इस आयोजन से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और औद्योगिक प्रगति को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी। इससे निवेश और सहयोग के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि जापान यात्रा और ओसाका एक्सपो में छत्तीसगढ़ की सक्रिय भागीदारी प्रदेश और देश दोनों के लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगी।

## खबर संक्षेप

### नुवाखाई पर 28 को जिले में रहेगा अवकाश

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उईके ने जिले के स्थानीय अवकाश की तिथि में संशोधन करते हुए दशहरा (महानवमी) के अवसर पर 1 अक्टूबर 2025 को घोषित स्थानीय अवकाश को परिवर्तित किया है। अब उसके बदले नुवाखाई (ऋषि पंचमी) के अवसर पर 28 अगस्त 2025 को जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश कोषालय एवं उप कोषालय तथा बैंकों के लिए लागू नहीं होगा।

### कार की टक्कर से क्लर्क घायल

**महासमुंद।** कार की टक्कर से कमरौद हायर सेकंडरी स्कूल में पदस्थ क्लर्क घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी ने कोतवाली महासमुंद में दर्ज कराई है। पुलिस को अयोध्या नगर निवासी बाबूलाल साहू ने बताया कि वह सहायक ग्रेड 03 क्लर्क के पद पर कमरौद हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ है। 27 अगस्त को अपने घर से स्कूटी स्कूल कमरौद जा रहा था, करीब 9.45 से 10 बजे के बीच झालखम्हरिया के पास पहुंचने पर पीछे से सफेद रंग का कार के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसे चोट आई। मामले में आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 184 मो.व्ही. एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### दो लोगों से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने कौड़िया तिराहा में दो लोगों के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक मोटर सायकल में बैठकर महुआ शराब रखकर कौडिया की ओर जा रहे हैं। इसके बाद बाइक को रोककर दोनों का नाम पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम सुनील ध्रुव पिता दशरथ ध्रुव (23 साल), रेल कुमार ध्रुव पिता गौरीशंकर ध्रुव (22 साल) सेवैयाकला बताए। आरोपियों के कब्जे से कुल 20 लीटर कीमत 4000 रुपए, एवं एक मोटर सायकल कीमत 25000 रुपए कुल कीमत 29000 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### ओडिशा निर्मित शराब जब्त

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने सोसायटी चौक छोटे खेमड़ा में एक व्यक्ति के कब्जे से ओडिशा निर्मित शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी अमीर कुरैशी पिता मनसुर कुरैशी 57 साल वार्ड नं. 21 सुनसुनिया थाना बागबाहरा के कब्जे से 110 पाउच हिरण छाप ओडिशा राज्य निर्मित शराब कुल 22 लीटर कीमत 5500 रुपए और नगदी रकम 250 रुपए, एक मोटरसायकल को जब्त किया है।मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बाड़ी से गाय को बाहर निकाल रहे व्यक्ति से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम पीपलखुंडा में बाड़ी से गाय को बाहर निकाल रहे व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। बसना पुलिस को नित्यानंद पटेल ने बताया कि 27 अगस्त की दोपहर करीबन 2 बजे वह अपने घर के बगल में बाड़ी में था उसी समय गांव के बरनदास अपने गायों को बाहर से चरा कर ला रहा था।

पेज 11 का शेष

### आईजी ने बलौदाबाजार...

स्पष्ट रूप से कहा कि थाना व चौकी प्रभारियों को संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष सतर्कता रखनी होगी।

**विजिबल पुलिसिंग और समयबद्ध कार्रवाई पर फोकस-** आईजी मिश्रा ने राजपत्रित अधिकारियों को विजिबल पुलिसिंग को बढ़ावा देने, छोटे-बड़े अपराधों पर त्वरित कार्रवाई करने और जनता की शिकायतों का समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने चेताया कि छोटी घटनाएं यदि समय रहते नहीं संभाली गईं, तो वे विकराल रूप ले सकती हैं। इसलिए थाना प्रभारियों को अपने निर्णयों की समीक्षा कर समर्पण भाव से कार्य करना चाहिए।

---

**पर्व : पति की लंबी आयु व अखंड सौभाग्य के लिए सोलह श्रृंगार कर विधिवत पूजा-अर्चना**

# हरतालिका तीज पर सुहागिन महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

मंगलवार को भटगांव की सुहागिन महिलाओं ने हरतालिका तीज का उत्सव बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया। अखंड सौभाग्य की प्राप्ति और पति की दीर्घायु के लिए सोलह श्रृंगार कर निर्जला व्रत रखने वाली महिलाओं ने विधिवत भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। मान्यता है कि इस दिन माता पार्वती ने कठोर तपस्या कर भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया था, इसलिए महिलाएं इस व्रत को श्रद्धा से निभाती हैं। सुहागिनों ने निर्जला उपवास से पूर्व सोमवार की रात 'करू भात' अर्थात करेला की सब्जी का सेवन किया। इस परंपरा के चलते तीजा पर्व के दिन बाजारों में करेला की मांग और कीमत दोनों में वृद्धि देखी गई। इस पर्व के दूसरे दिन सुहागिनें मायके जाकर उपवास



तोड़ती हैं, जहां उन्हें विभिन्न प्रकार की सुहागन सामग्री और परिधान भेंट स्वरूप प्राप्त होते हैं।

**हरतालिका तीज का धार्मिक महत्व-** हरतालिका तीज भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। यह पर्व पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य के लिए रखा जाता है। महिलाओं द्वारा निर्जला व्रत और भगवान शिव-परवती की पूजा-अर्चना इस दिन की प्रमुख परंपराएं हैं।

**करू भात और तीज पर्व का संबंध-** हरतालिका तीज के व्रत की शुरुआत करेला की सब्जी 'करू भात' से होती है। इसे खाने के बाद महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं। इस परंपरा के चलते तीजा पर्व के दौरान करेले की मांग में भारी वृद्धि होती है और इसकी कीमतें भी बढ़ जाती हैं।

## सुहागिनों ने जागरण में किया भजन-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज बगबुड़ा। हरतालिका तीज पर अखंड सुहाग की कामना के साथ सुहागिनों ने जागरण किया। रातभर भजन-कीर्तन से घर-घर में भक्ति उल्लास छाया रहा। प्रदोष काल में प्रथम पूज्य गणेश और भगवान शंकर-पार्वती की विधिवत पूजा अर्चना की। वहीं बुधवार को 36 घंटे का निर्जला उपवास के बाद व्रत का पारण किया गया। इसके पहले मंगलवार को सुहागिनें दिन-रात बिना पानी पिये निर्जला व्रत कर दिनभर पूजा-पाठ में लीन रही। घरों में भजन कीर्तन का दौर चला। कहीं मेहंदी तो कहीं गीत-संगीत का कार्यक्रम भी हुआ। भक्तिमय गीतों के साथ सुहागिनों ने भगवान शिव-पार्वती को प्रसन्न करने हर संभव प्रयास किया। पति की दीर्घायु कामना के साथ घर-घर में फूलों का मंडप बनाकर फुलेरा सजाया ।



## महिलाओं ने किया निर्जला उपवास एवं शिव पूजन

**हरिभूमि न्यूज खरोरा।** छत्तीसगढ़ की पारंपरिक पर्व हरितालिका तीज पर सुहागिन महिलाओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ 24 घंटे का कठोर निर्जला उपवास रखा। भगवान शिव-पार्वती की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर महिलाएं फलाहार लेकर व्रत का सफल समापन किया। भरुवाडीह कला निवासी उर्मिला वर्मा ने बताया कि वे विवाह के बाद से यह व्रत नियमित रूप से करती आ रही हैं और इसे निर्जला उपवास इसलिए कहते हैं क्योंकि इस दौरान प्यास लगने पर भी जल नहीं पीते।



इस पर्व की पौराणिक कथा के अनुसार माता पार्वती ने कठोर तपस्या कर भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया था। गायत्री वर्मा और अन्य महिलाओं ने बताया कि जब माता पार्वती के पिता हिमवान ने उनका विवाह विष्णु से तय किया तो उनकी सखियों ने उन्हें वन में ले जाकर निर्जला उपवास कराकर भगवान शिव की भक्ति सिखाई, जिससे यह पर्व आज भी श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया जाता है।

**हरितालिका तीज का धार्मिक महत्व-** हरितालिका तीज हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण व्रत है, जो विशेषकर सुहागिन महिलाएं और अविवाहित कन्याएं भगवान शिव-पार्वती की आराधना के लिए रखती हैं। यह व्रत पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य के लिए किया जाता है।

**निर्जला उपवास का अर्थ और महत्व-** निर्जला उपवास में 24 घंटे तक न तो जल पीना और न ही भोजन करना शामिल होता है। यह कठोर व्रत भक्तों की तपस्या और भक्ति को दर्शाता है, जो पारंपरिक तौर पर माता पार्वती द्वारा भगवान शिव को पाने के लिए किया गया था।

## तीज पर्व पर महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत





**खरोरा।** खरोरा अंचल के ग्राम मुड़पार में परंपरागत तरीके से तीज पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं एवं बहनों ने 24 घंटे का निर्जला उपवास रखकर भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की पूजा-अर्चना की।

मान्यता है कि यह व्रत पति की लंबी आयु, परिवार में सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन में प्रेम बढ़ाने के लिए किया जाता है। पुरानी कथाओं के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने हेतु कठोर तपस्या की थी, उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विवाहित महिलाएं अपने पति के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करती हैं, वहीं अविवाहित युवतियां योग्य जीवनसाथी पाने की मंगल कामना करती हैं। गांव की महिलाओं ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का पूजन किया। यह आयोजन चंदू तिवारी के निवास पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर टोमन साहू, पार्वती, गोमती, मोगरा, मीना, रीना, राधा, प्रगति, निशा, उषा, टिकेश एवं शकुंतला सहित अनेक महिलाओं ने व्रत रखकर श्रद्धा भाव से पूजा की।

**रात में किया जगराता-** रात्रि काल में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जगराता का भी आयोजन किया गया। स्थानीय टीमों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनका ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया। आयोजन में समस्त ग्रामवासी, महिला मंडल एवं युवा संगठन सक्रिय रूप से शामिल रहे और पूरे गांव में हर्षोल्लास का वातावरण रहा।

## पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत, गौरी-गौरा का विसर्जन कर महिलाओं ने निभाई परंपरा

**बलौदाबाजार ।** मंगलवार को शहर में सुहागिन महिलाओं ने हरितालिका तीज का पर्व बड़े श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया।

- हरितालिका तीज का आयोजन भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न

महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखा और शाम को पारंपरिक वेशभूषा में सजकर शहर के प्रमुख मंदिरों में जाकर विधिवत पूजा-अर्चना की। गौरव पथ स्थित शनि मंदिर, शिव मंदिर और बजरंग मंदिर में महिलाएं पहुंचीं, जहां उन्होंने फुलेरा बनाकर गौरी-गौरा और सखियों की पूजा की।

रातभर जागरण करते हुए महिलाओं ने भजन-कीर्तन से भगवान की आराधना की। बुधवार सुबह व्रत रखने वाली महिलाओं और युवतियों ने तालाब में गौरी-गौरा का विसर्जन किया और विधि विधान से गौरा पूजन कर निर्जला व्रत का पारण किया। यह पर्व पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना का प्रतीक माना जाता है।



### हरितालिका तीज व्रत का धार्मिक महत्व

हरितालिका तीज भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। यह व्रत भगवान शिव और माता पार्वती के अखंड जुड़ाव का प्रतीक है। इस व्रत से अखंड सौभाग्य और सुयोग्य वर की प्राप्ति होती है।

### बलौदाबाजार में आयोजन की विशेषताएं

बलौदाबाजार की महिलाएं अपने मायके में आकर यह निर्जला व्रत रखती हैं। पूजा स्थल पर फुलेरा बनाकर पारंपरिक तरीके से शिव-पार्वती की पूजा होती है। व्रत के बाद अगले दिन सुबह तालाब में गौरी-गौरा का विसर्जन किया जाता है।





## अखंड सुहाग के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत



**सरायपाली।** तीज का पर्व नगर सहित अंचल में धूमधाम से मनाया गया। जहां विवाहिता स्त्रियों ने अपने पति की दीर्घायु और परिवार की सुख समृद्धि के लिए तीज व्रत रखा, वहीं कुंवारी लड़कियों ने अच्छे जीवनसाथी की कामना के लिए व्रत रखा। इस बार तीज व्रत चार विशिष्ट योगों सर्वार्थसिद्धि, शोभन, गजकेसरी और पंचमहापुरुष योग का अद्भुत संयोग में मनाया गया। इस योग में पूजा करने से शत प्रतिशत मनोकमनाएं पूरी होने की बात कही गई। हरतालिका तीज पर माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए यह व्रत रखा था, तभी से हरतालिका तीज का चलन महिलाओं में ज्यादा बढ़ गया है। वैसे तो महिलाओं में व्रतों का दौर पूरे वर्ष चलता रहता है, लेकिन भादो महीने में मनाए जाने वाली हरतालिका तीज इन सभी पर्वों में प्रमुख एवं कठिन मानी जाती है। तीज तिथि शुरू होने से लेकर व्रतधारियों का निर्जला व्रत प्रारंभ हो गया था। रात्रि 12 बजे से व्रतधारियों ने एक बूंद पानी भी नहीं पिया।

## सुहागिन महिलाओं ने रखा निर्जला तीजा व्रत

**खरोरा ।** छत्तीसगढ़ की परंपरा के अनुसार मंगलवार को सुहागिन महिलाओं ने निर्जला तीजा का व्रत रखा। मान्यता है कि इस उपवास पर माता पार्वती विशेष आशीर्वाद देती हैं। व्रत की संध्या को "करू भात" यानी करेला की सब्जी के साथ भोजन कर महिलाओं ने कठिन निर्जला उपवास प्रारंभ किया। महिलाओं का विश्वास है कि इससे पति की लंबी आयु होती है, घर में सुख-शांति बनी रहती है तथा भगवान शिव का आशीर्वाद मिलता है। पंडित धनंजय शर्मा के अनुसार यह पर्व छत्तीसगढ़ की नारी शक्ति की श्रद्धा और तपस्या का प्रतीक है, जिसे सुहागिन महिलाएं अपने मायके में बड़ी श्रद्धा से मनाती हैं। बुधवार को फलाहार के साथ पूजा संपन्न होगी, जिसके बाद मायके पक्ष से साड़ी और धनराशि का दान भी दिया जाता है, जो इस संस्कृति की खास पहचान है।





**तीजा उपवास की धार्मिक मान्यता-** निर्जला तीजा उपवास बिना जल और अन्न ग्रहण किए 24 घंटे रखा जाता है। यह व्रत भगवान शिव और माता पार्वती के प्रति समर्पित होता है। माना जाता है कि इससे पति की आयु लंबी होती है और घर में सुख-शांति बनी रहती है।

**तीजा पर्व की सामाजिक परंपरा-** इस पर्व पर सुहागिन महिलाएं अपने मायके आकर व्रत रखती हैं। व्रत के दूसरे दिन फलाहार पूजा होती है और मायके पक्ष से साड़ी, धनराशि सहित विभिन्न दान स्वरूप दिया जाता है। यह छत्तीसगढ़ की एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक परंपरा है।

---

**हिंदी एवं गणित विषय में शिक्षकों को नई शिक्षण पद्धति से किया परिचित**

# 5 दिवसीय नवीन पाठ्यपुस्तक उन्मुखीकरण कार्यशाला में हुआ हिंदी और गणित पर विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड कसडोल में कक्षा 6 के हिंदी और गणित विषय के लिए आयोजित पांच दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में शिक्षकों को नवीन पाठ्यपुस्तकों की विशेषताओं और गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति से अवगत कराया गया। कार्यशाला का उद्देश्य था शिक्षकों के माध्यम से बच्चों के सीखने को और अधिक रुचिकर, सार्थक एवं परिणामदायक बनाना।

- बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को रोचक और परिणामकारी बनाने पर दिया जोर

कार्यशाला में मॉड्यूल आधारित चर्चा, समूह कार्य, नाटकीय रूपांतरण जैसे क्रियाकलापों से विषय को समझाया गया। शिक्षकों को स्थानीय संदर्भों को जोड़ कर बच्चों के अनुभवों से सीखने को समृद्ध बनाने के टिप्स भी दिए गए।





### कार्यशाला की मुख्य गतिविधियां

कार्यशाला में हिंदी और गणित के मास्टर ट्रेनरों ने विषय की संरचना, सामग्री और शिक्षण विधियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने समूह कार्य, प्रस्तुतियों और नाटकीय रूपांतरण के माध्यम से शिक्षण को प्रभावी और मनोरंजक बनाने पर जोर दिया। स्थानीय संदर्भों को जोड़ने से बच्चों की समझ और रुचि में वृद्धि हुई।

### अतिथि और संदेश

डाइट रायपुर से आई टीम ने कार्यशाला का निरीक्षण किया और सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एके ध्रुव ने कहा कि नवीन पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से न केवल पढ़ाई होगी, बल्कि बच्चों की रचनात्मकता और विश्लेषणात्मक सोच को भी बढ़ावा मिलेगा। बीआरसी नीलमणि साहू, संकुल समन्वयक और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## नियमों की अनदेखी, 8 महीने में 365 दुर्घटनाएं, 234 की गई जानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

यातायात नियमों की अनदेखी, लापरवाही और नशे में वाहन चलाने के कारण जिले में सड़क हादसों का सिलसिला नहीं थम रहा है। आएदिन सड़क दुर्घटना में किसी न किसी की जान जा रही है। पिछले 8 महीने में जिले में कुल 365 दुर्घटनाएं हुई हैं जिसमें अब तक कुल 234 लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 327 घायल हो चुके हैं। बीते 22 अगस्त को ग्राम निसदा निवासी तोरण निषाद पिकअप क्रमांक सीजी 04 एनसी 5109 में घोड़ारी से बरबसपुर जा रहा था। इस दौरान नेशनल हाईवे-53 ओवरब्रिज के आगे ग्राम घोड़ारी के पास बिना संकेतक खड़ा वाहन जीजे 12 बीजेड 0060 से भिड़ गई। हादसे में तोरण की मौत हो गई। वहीं कुछ दिन पहले ही शहर के तुमगांव ओवरब्रिज के पास एक सब्जी व्यवसायी को एक टेंकर ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे व्यवसायी की मौके पर ही मौत हो गई। ऐसी कई दुर्घटनाएं आए दिन हो रही है। अधिकतर दुर्घटनाएं नशा और लापरवाही और बिना हेलमेट के कारण हुई है। जिले में 7 ब्लैक व 2 ग्रे-स्पॉट है। जहां अक्सर सड़क दुर्घटना होती है। पर, सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। पिछले 8 महीने में जिले में कुल 365 दुर्घटनाएं हुई हैं जिसमें अब तक कुल 234 मौतें हो चुकी है और लगभग 327 घायल हो चुके हैं। इनमें नेशलन हाईवे में ज्यादा हादसे हुए। जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग में लोगों ने अपनी सहूलियत के अनुसार कुछ स्थानों पर डिवाइडर तोड़कर आवागमन के लिए जगह बना दी है, जो दुर्घटना का कारण बन रहा है।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
22 अगस्त 2025 SHOW TIME
वार-2 शो समय -12:00, 3:00, 9:00 PM
मोही डारे-2 शो समय -12:00 PM
साम्राज्य शो समय -03:00 PM
कुली शो समय -03:00, 9:00 PM
महावतार नरसिम्हा शो समय - 6:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### धौराभाठा में निशुल्क बाल चिकित्सा शिविर 30 को

**भाटापारा।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा धौराभाठा (सिद्ध बाबा) भाटापारा द्वारा निशुल्क बालक-बालिका स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन 30 अगस्त शनिवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आश्रम स्थल मां काली मंदिर धौराभाठा सिद्ध बाबा में आयोजित है। इस शिविर में शून्य से 15 वर्ष के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा दी जाएगी। शिविर में शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के के साहू बलौदा बाजार डॉक्टर आदर्श साहू बलौदा बाजार डॉक्टर विनीता खूबचंदानी भाटापारा डॉक्टर बसंत भृगु जनरल प्रैक्टिशनर भाटापारा डॉ विकास आडिल शल्य क्रिया विशेषज्ञ तथा पेट रोग सलाहकार भाटापारा तथा डॉक्टर पी जी राव जनरल प्रैक्टिशनर भाटापारा के द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाएगा एवं दवा निशुल्क दी जाएगी। उक्त जानकारी संजय तिवारी प्रचार मंत्री समूह शाखा भाटापारा ने दी।

## निधन

### समारू राम साहू



**खरोरा।** ग्राम मुड़पार निवासी साहू समाज के प्रगतिशील किसान एवं समाज के वरिष्ठ नागरिक समारू राम साहू (84) का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से पूरे अंचल में शोक की लहर है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक बंधु एवं गाँव के वरिष्ठ नागरिकों ने सम्मिलित होकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। समारू राम साहू, डॉ. संतोष कुमार, चित्ररेखा, चंद्रिका एवं अमृत साहू के पिता थे। वे खोरबाहरा राम साहू के छोटे भाई तथा केशव राम साहू और लेखचंद साहू के चाचा थे। इसके अलावा वे सागर, सीमा, नीमा, नेहा, डोमार, दिलेश्वर, हीरालाल, भोजराम एवं धनेश्वर के दादा थे। उनके निधन से समाज एवं क्षेत्र को अपूरणीय क्षति पहुँची है।

**कार्यक्रम :** तीज पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

# तीज संयम, आस्था व समर्पण का संदेश देती है: इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

तीज पर्व पर युवा संगठन दतरेंगी द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन विधायक इन्द्र साव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने उपस्थित माता बहनों को तीज पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा तीज केवल त्यौहार नहीं बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा और नारी शक्ति और सम्मान का उत्सव है।

परिवार की सुख समृद्धि और अपने पति के दीर्घायु जीवन के लिए व्रत रखकर संयम, आस्था और समर्पण का संदेश देती है। यह दिन हमे याद दिलाता है कि हमारी खुशियां केवल हमारे लिए नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज के साथ बांटने से बढ़ती है। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से हम सब यह प्रयास करें कि हमारी नई पीढ़ी अपनी परंपराओं और अपने लोकगीतों से जुड़ी रहे।



**ये रहे उपस्थित**-इस अवसर पर सरपंच कमेलश साहू, भुजबल साहू, रामरतन ध्रुव, संतोष साहू, झालाराम साहू, रामकुमार यादव, वहोरन वर्मा, लीलेश्वरी वर्मा, तीजराम यादव, छोटू साहू, तिरित साहू, बलदाउ वर्मा, भागीरथी वर्मा, विष्णु वर्मा, जुडावन वर्मा, राम प्रसाद वर्मा, रेवा यदु, मालिक राम साहू, रोहित साहू, धनेश जायसवाल, मंगलू जायसवाल, मोहित साहू, अखिलेश साहू, रामदुलार साहू, सुरित साहू, कृष्णा यादव, सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सांस्कृतिक आयोजन हमारी धरोहर को जीवंत रखते हैं : डॉ. मोहन





**हिरमी रावन।** हिरमी ग्रामवासियों की ओर से हरियाली तीज के उपलक्ष्य में मंगलवार रात श्रीराम चौक हिरमी में पारंपरिक सुआ नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मोहन लाल वर्मा (सभापति, उद्योग एवं सहकारिता समिति, जिला पंचायत बलौदाबाजार एवं अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति, डीके कॉलेज) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक तीज गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें छत्तीसगढ़ी संस्कृति की गूंज साफ सुनाई दी। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और परिवारजन शामिल हुए, जिन्होंने उल्लास और उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया।

### सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रदर्शन

डॉ. मोहन लाल वर्मा ने कहा कि सुआ नृत्य छत्तीसगढ़ की एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक परंपरा है, जो विशेष रूप से महिलाओं के बीच लोकप्रिय है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक मनोरंजन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक अस्मिता का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन हमारी परंपरा को जीवित रखने और अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में सहायक होते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत हिरमी के सरपंच पुनऊ राम भारती, जनपद सदस्य सविता हेमंत यादव, और अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधि जैसे शशिकांत साहू, पिकेश जायसवाल, मुकेश सिन्हा, छेदुराम पाल, रामजी ध्रुव, सुकलाल साहू, बलराम ध्रुव, अजीत ध्रुव और तिजऊ धीवर उपस्थित रहे। समस्त ग्रामीणजन, महिलाओं व युवाओं ने सांस्कृतिक गौरव के इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# राज्य स्तरीय मल्लखंब प्रतियोगिता के लिए जिले के सात खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- 28 से 31 अगस्त तक कोंडागांव-नारायणपुर में होगा राज्य स्तरीय आयोजन
- कलेक्टर ने दी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं, जिले में खुशी का माहौल

जिले के खेल प्रेमियों के लिए यह गर्व का क्षण है। बलौदाबाजार जिले के 7 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय मल्लखंभ प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 28 अगस्त से 31 अगस्त तक कोंडागांव, नारायणपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित की जाएगी।

चयनित खिलाड़ी बुधवार को रवाना हुए, जिन्हें कलेक्टर दीपक सोनी ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



उन्होंने कहा कि यह जिले की बड़ी उपलब्धि है और उम्मीद है कि खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से बलौदाबाजार और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। राज्य स्तरीय चयन से पहले, 25वीं संभाग स्तरीय शालेय मल्लखंभ प्रतियोगिता का आयोजन 28 जुलाई को योग भवन स्थित मल्लखंभ ट्रेनिंग सेंटर में हुआ था। इसमें बलौदाबाजार, रायपुर और गरियाबंद जिलों के 40 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

### ये हैं चयनित खिलाड़ी

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिन खिलाड़ियों का चयन हुआ है, वे हैं: दुष्यंत लहरे, लुकेश्वर मारकंडे, अभिषेक कोसरिया, हरिओम ढिढ़ी, नरेश गेंदरे, अनाया ठाकुर और अंजली यादव। इन खिलाड़ियों ने संभागीय प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। ये सभी अब राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### कोचिंग और प्रबंधन टीम

इन खिलाड़ियों को जिले के हेड कोच अकलेश नारंग मार्गदर्शन दे रहे हैं, जो उन्हें प्रतियोगिता के दौरान भी साथ रहकर प्रशिक्षित करेंगे। टीम मैनेजमेंट में बालक शिवकुमार बाघे, राकेश साहू, पुरंदर कोसरिया, प्रीति जलक्षत्रीय, ममता दधीचि और सीमा साहू शामिल हैं, जो खिलाड़ियों की आवश्यकताओं और व्यवस्थाओं का ध्यान रखेंगे।

# हमें अनुशासन, परिश्रम व टीम भावना सिखाती है कबड्डी : साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

- विजेता ग्राम रोहरा की कबड्डी टीम को पुरस्कृत किए विधायक इन्द्र साव

विधानसभा स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होकर विधायक इन्द्र साव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। युवा कबड्डी क्लब रोहरा के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता का फाइनल मैच ग्राम दरचुरा और ग्राम रोहरा के बीच खेला गया, जिसमें रोहरा की टीम रोमांचक जीत हासिल की। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहा कबड्डी केवल एक खेल नहीं है बल्कि यह हमारी मिट्टी, हमारी संस्कृति और हमारी परंपरा से गहराई से जुड़ा हुआ है।

गांव-गांव में खेले जाने वाला यह खेल हमें अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना सिखाता है। युवा जब मैदान में कबड्डी-कबड्डी की अवाज लगाते है तो उसमें हमारी भारतीय संस्कृति की गूंज सुनाई देती है। इस प्रतियोगिता का आयोजन यह दर्शाता है कि हमारी युवा पीढ़ी खेलों में आगे बढ़ रही है। खेल से न केवल शरीर स्वस्थ्य रहता है। बल्कि मन और चरित्र भी मजबूत होता मैं इस आयोजन के सभी आयोजकों खिलाड़ियों और जनता का विशेष आभार प्रकट करता हूँ। आप सभी की मेहनत और सहयोग से यह प्रतियोगिता सफल हुई है।



विधायक इन्द्र साव ने सरपंच और ग्रामवासी की मांग पर विधायक मद से रंगमंच निर्माण की घोषणा किए।

**ये रहे उपस्थित**- इस असवर पर मुख्य रूप से गुलाब साहू सरपंच, गोपाल निषाद, धर्मेन्द्र यादव, दिलहरण यादव पंच, पोषन साहू, राकेश साहू पंच, पंचराम पोल, दौलत निषाद, दिलहरण साहू, रामकुमार, बलदाउ वैष्णव, मनराखन यदु पंच, नरेश यदू जी, बाके बिहारी शुक्ला विभिन्न ग्राम के खिलाड़ी सहित भारी संख्या आमजन उपस्थित रहे।

# आईपीएस बनने पर क्षेत्रवासियों ने दी बधाई

**संडी बंगला।** देवव्रत सिरमौर छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रभान सिरमौर का नाती व समाज सेवी दिवंगत श्रद्धेय डॉक्टर रामकुमार सिरमौर कुर्मी समाज के पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष रहे है, उनके सुपुत्र है, और डॉक्टर संजीव सिरमौर प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स एसोसिएशन अध्यक्ष के भाई है। इनका जन्म स्थान बोरझिठी तिल्दा व पलारी थाना क्षेत्र संडी बंगला मे शिक्षा संडी बंगला मे हुआ।

छत्तीसगढ़ राज्य पुलिस सेवा में अपनी लम्बी तैनाती के बाद केंद्र के गृह विभाग ने छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ एडिशनल एसपी का आईपीएस अवार्ड किया है। एएसपी को आईपीएस प्रमोट होने पर देवव्रत सिरमौर, को संडी बंगला का युवाओं ने आतिशबाजी व एक दुसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर कर सिरमौर जी को बधाई दी बधाई देने वालो मे मुख्य रूप से युगल किशोर वर्मा, मोहन राय, नीलकमल आजाद, विक्की वर्मा, बिसेसर वर्मा, अश्वनी वर्मा, आदि मौजूद थे।



# जगह-जगह विराजे गणपति बप्पा





हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

गणेश चतुर्थी पर ग्रामीण अंचल में जगह-जगह गणपति बप्पा की प्रतिमाएं विराजित की गई। गणेश जी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए लोगों में खासा उत्साह देखा गया। लोगों ने अपने घरों में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की। विदित हो कि गणेश चतुर्थी भगवान गणेश के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना करके उनकी पूजा-अर्चना की जाती है। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता माना जाता है, जो अपने भक्तों की सभी बाधाओं को दूर करते हैं।

# नगरीय क्षेत्रों के लिए दिशा-निर्देश जारी अनुमति और सुरक्षा व्यवस्था अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- 500 से अधिक लोगों की भीड़ पर विशेष प्रावधान, आयोजकों को निभानी होंगी जिम्मेदारियां
- सुरक्षा, स्वच्छता और ट्रैफिक व्यवस्था के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगरीय क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर पंडाल और अस्थायी संरचनाओं के निर्माण को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि एक समय में अधिकतम 500 व्यक्तियों की क्षमता वाले और 5000 वर्ग फीट क्षेत्रफल में बनने वाले पंडाल, धरना, रैली, जुलूस या सभा के लिए अनुमति जरूरी होगी।

वहीं आयोजन समाप्ति के बाद स्थल की तत्काल सफाई, अस्थायी शौचालय, जलापूर्ति, अपशिष्ट प्रबंधन, सीसीटीवी कैमरे, आपातकालीन निकास, और विद्युत बैकअप की व्यवस्था आयोजन समिति की जिम्मेदारी होगी।

### अनुमति प्रक्रिया और तकनीकी शर्तें

पंडाल के लिए अनुमति तभी दी जाएगी जब वह स्थिर, सुरक्षित और अग्निरोधी सामग्री से बना हो। मुख्य सड़क या चौराहे पर पंडाल की अनुमति केवल वैकल्पिक मार्ग के साथ ही दी जाएगी। आयोजन में किसी भी विशेष गतिविधि (जैसे शोभायात्रा, धार्मिक अनुष्ठान आदि) के लिए पृथक स्वीकृति आवश्यक होगी। सक्षम अधिकारी बिना पूर्व सूचना के अनुमति को रद्द भी कर सकते हैं, यदि कोई असामान्य स्थिति उत्पन्न हो।

### सुरक्षा, स्वच्छता और नियंत्रण व्यवस्था आवश्यक

500 से अधिक व्यक्तियों की उपस्थिति वाले आयोजनों में आपातकालीन निकास, चिकित्सकीय व्यवस्था, पुलिस और अग्निशमन से समन्वय, तथा स्थान पर स्पष्ट सूचना पट्ट आवश्यक होंगे। आयोजन स्थल पर प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की नियुक्ति, पार्किंग की व्यवस्था, तथा किसी भी राष्ट्रविरोधी या साम्प्रदायिक गतिविधि की रोकथाम अनिवार्य होगी। सभी आयोजन स्थानीय प्रशासन व पुलिस की निगरानी में निर्धारित समयावधि में सम्पन्न करने होंगे।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
गुर्दे की पथरी का दर्द
सबसे भयानक दर्दों में से एक है। जिसे कोई भी व्यक्ति अनुभव कर सकता है।
इसके लक्षण कारण और उपाय जानने के लिए संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

### राज्य स्तरीय बौद्धिक स्पर्धा के लिए छात्रों का चयन

**कोमाखान।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कोमाखान के भैया-बहनों का चयन राज्य स्तरीय खेलकूद बौद्धिक प्रतियोगिता के लिए हुआ। जिला स्तरीय प्रतियोगिता सशिमं नरतोरा में आयोजित हुआ। जिसमें विद्यालय के भैया बहनों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े
कानों की रिशेपिंग

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# एनडीआरएफ ने स्कूल सुरक्षा के लिए किया फेमेक्स कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

- परिचयात्मक अभ्यास और मॉक ड्रिल के माध्यम से बच्चों को दी आपदा सुरक्षा की जानकारी

फेमेक्स कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत आज एनडीआरएफ उड़ीसा की टीम द्वारा परिचयात्मक अभ्यास, सामुदायिक जागरूकता एवं स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन भटगांव जोन में किया गया। इस अवसर पर सेजेस भटगांव तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव ने संयुक्त रूप से मेजबानी करते हुए एनडीआरएफ की टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया।

28 अगस्त को नुवाखाई पर्व की छुट्टी होने के कारण शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव में प्रस्तावित फेमेक्स कार्यक्रम आज ही आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट पवन जोशी ने किया तथा इंस्पेक्टर आर. एल. आचार्य और सब इंस्पेक्टर विनय कुमार ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को आपदा प्रबंधन एवं बचाव तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। एनडीआरएफ की टीम ने आपदा प्रबंधन एवं बचाव के महत्त्व पर जानकारी देते हुए मॉक ड्रिल का प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम 15 अगस्त से 30 अगस्त 2025 तक आयोजित हो रहा है।





**ये रहे उपस्थित**-कार्यक्रम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव से प्रभारी टी. पी. भारद्वाज सहित शिक्षक मोइन खान, कृष्ण कुमार कुर्रे, लक्ष्मी नारायण साहू, विजय कुमार देवांगन, कार्तिक नारंग, राकेश जांगड़े एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। वहीं, सेजेस भटगांव से प्रभारी प्राचार्य प्रियतम भारद्वाज तथा शिक्षक अजय कुमार नारंग, सरिता चौहान, एस. पटनायक, जी. आर. जायसवाल, ज्योति, एस. के. बघेल, विजय खरे, रश्मि ठेठवार, दिनकर, पृथ्वी तिवारी, मयंक मोहन, कुमारी कौशल्या पटेल, कुमारी प्रगति पटेल, रूपेंद्र कुमार साहू सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। साथ ही लोटस पब्लिक स्कूल से भी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। मंच संचालन में एल. नामदेव का विशेष सहयोग रहा। संकुल समन्वयक विजय साहू की उपस्थिति रही।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 02 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411